पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 26.06.2024

विषयः- 01 नफर मोबाइल चोर लंका पुलिस की गिरफ्त में, कब्जे से चोरी के 03 अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा जनपद में होने वाली वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.06.2024 को लंका पुलिस द्वारा लौटूबीर मन्दिर के पास से 01 नफर अभियुक्त सूर्यनारायण पाल उर्फ सूरज पुत्र स्व. विश्वनाथ पाल निवासी भोगावीर साकेत नगर थाना लंका वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

दिनांक 25.06.2024 को आवेदक द्वारा सर सुन्दरलाल चिकित्सालय परिसर से ईलाज के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन चोरी कर लिये जाने की सूचना थाना स्थानीय पर दी गयी जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए माल व मुल्जिमान की बरामदगी एवं गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु टीम गठित करते हुए त्वरित कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना लंका पुलिस टीम द्वारा गश्त, वाहन चेकिंग एवं तलाश वांछित के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर लौटूबीर मन्दिर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ एवं तलाशी ली गयी तो अभियुक्त के पास से 03 अदद मोबाइल फोन बरामद हुए जिनके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि बरामदशुदा मोबाइल फोन चोरी के हैं जो अभियुक्त द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों से चुराए गए है। उपरोक्त बरामदगी के आधार पर अभियुक्त सूर्यनारायण पाल उर्फ सूरज उपरोक्त को हिरासत पुलिस लिया गया।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त के कब्जे से बरामद मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ पर बता रहा है कि साहब ये तीनों मोबाइल फोन चोरी के हैं जिनमें से एक फोन मैने बीएचयू अस्पताल से तथा बाकी दो फोन कुछ दिन पहले मैने लंका क्षेत्र से चुराया है। साहब मैं आपलोगों को देखकर घबरा गया था और भागना चाहा कि आपलोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. सूर्यनारायण पाल उर्फ सूरज पुत्र स्व. विश्वनाथ पाल निवासी भोगावीर साकेत नगर थाना लंका वाराणसी उम्र 24 वर्ष।

विवरण बरामदगी

1. एण्ड्रायड मोबाइल Realme rmx 2312 रंग काला जिस पर काले रंग का कवर चढ़ा हुआ है तथा फोन के पीछे लगे स्टीकर पर IMEI NO. क्रमश: 865314061393012 व 865314061393004 बरामद।

2. एण्ड्रायड मोबाइल रेडमी माडल 221013I रंग नीला जिसका IMEI NO. क्रमश: 865267062576094 व 865267062576102 बरामद।

3. एण्ड्रायड मोबाइल VIVO 21e रंग नीला. जिसका IMEI NO. 862200054352250 व 862200054352243 बरामद।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 26.06.2024 को लौटूबीर मन्दिर के पास से, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0स0 237/2024 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 पवन कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 रोहित त्रिपाठी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 बृजेश प्रजापति, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमि0 वाराणसी